## एक नजर में

### टीईटी परीक्षा का विरोध 18 अप्रैल को भोपाल में


**राजगढ़ 13 अप्रैल, का.** प्रांतीय आह्वान पर संयुक्त रुप से सभी संगठन प्रमुखों व संयुक्त मोर्चे के तत्वावधान में भोपाल पहुंचकर सरकार के विरुद्ध अपना पक्ष रखने के लिए प्रर्दशन किया जाएगा. इस कड़ी में राजगढ़ जिला मुख्यालय स्थित संयुक्त मोर्चे के सदस्यो ने शिक्षकों व अध्यापको से सम्पर्क कर अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुंचने की अपील की गई जिसमें जिले से लगभग 7 हजार शिक्षको व अध्यापक के पहुंचने का अनुमान संगठन प्रमुखों ने बताया है.

### मुकाती ने दूसरी बार थामी थाने की कमान



**छापीहेड़ा 13 अप्रैल, सं.** स्थानीय थाने में पूर्व में पदस्थ रहे उमाशंकर मुकाती ने पुन: कार्यभार संभाला. वह खिलचीपुर से यहां आये है. वही यहाँ पदस्थ रहे हुकुमसिंह मीना जो बहुत ही कम समय 2 माह का बेहतर कार्यकाल व्यतीत कर चुके थे. उनको जीरापुर थाने की कमान सौंपी गयी है. उल्लेखनीय है कि मुकाती पूर्व में प्रथम कोरोना काल के दौरान भी लगभग 18 माह पदस्थ रह चुके है. उस विषम काल मे उन्होंने बहुत ही सराहनीय सेवाओ से नागरिको का विश्वास और स्नेह पाया था. आज उनके कार्यभार ग्रहण करने पर नागरिको द्वारा स्वागत का दौर जारी है. इस अवसर पर मुकाती ने अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने की प्रतिबद्धता जाहिर करने के साथ सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की.

### जनगणना के प्रथम चरण का प्रशिक्षण आयोजित



**जीरापुर 13 अप्रैल, सं.** जनगणना 2027 के प्रथम चरण की प्रथम बेंच में प्रगणको एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ. जहां पर प्रशिक्षण में सभी प्रगणको एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना में पूछे जाने वाले सवालों का उत्तर जानने का प्रशिक्षण दिया गया. मास्टर ट्रेनर रईस मोहम्मद मंसूरी ने बताया कि भारत की जनगणना पहली बार डिजिटल माध्यम से होगी. भारत की जनगणना दो चरणों में होगी जिसका प्रथम चरण 1 मई से 30 मई तक चलेगा. इस दौरान मकान सूचीकरण और मकान की गणना होगी, एवं जनगणना का दूसरा चरण जिसमें जनसंख्या गणना होगी, फरवरी 2027 में संपन्न होगा. मास्टर ट्रेनर गजेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी प्रशिक्षणार्थियो को जनगणना की प्रैक्टिस करवाने के लिए घर-घर सर्वे करवाया गया. भारत की जनगणना एवं भारत का चुनाव विश्व में नंबर वन है. इस दौरान अन्य मास्टर ट्रेनर प्रणव खुजनेरी, निर्मल सिंह पंवार, नवनीत गुप्ता, महेश कुमार कारपेंटर ने भी सभी प्रशिक्षणार्थियो को जनगणना के बारे में समझाया. अंतिम दिन सभी मास्टर ट्रेनर ने अपने-अपने कक्षों में जनगणना की सत्यता निष्पक्षता एवं गोपनीयता की शपथ सभी प्रशिक्षणार्थियो को दिलाई.



### जीरापुर, छापीहेड़ा और माचलपुर से पहुंची दमकल

आग बुझाने के लिए जीरापुर, छापीहेड़ा और माचलपुर से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गईं. करीब 2 से 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका. लेकिन तब तक गोदाम के अंदर के समान के साथ साथ बाहर लगी टीन शैड भी जलकर खत्म हो गई. इस हादसे में गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया, जिससे व्यापारी को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है. शादी विवाह लग्न सरा को देखते हुए गोदाम मालिक ने लाखों रुपए का समान भर रखा था. गोदाम के लगे सचिन अग्रवाल एवं रामबाबू गुप्ता भोजपुर वाले के नवनिर्मित मकान की दीवार भी क्षति ग्रस्त हुई.

# फर्नीचर गोदाम में लकड़ी और फोम से भीषण आग

## आग बुझाते समय बार-बार बंद हुई जीरापुर की दमकल, बिना सेफ्टी के फायर फाइटर बुझा रहे आग

**जीरापुर में आग का तांडव, फर्नीचर गोदाम में धधकी लपटें, लाखों रुपए का सामान जलकर खाक**

**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 13 अप्रैल, सं.** नगर के विजया कान्वेंट स्कूल रोड़ के पास नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि के मकान के पीछे स्थित शारदा फर्नीचर के गोदाम में दोपहर पश्चात लगभग पांच बजे अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया. देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और गोदाम में रखा शादी का महंगा फर्नीचर—सोफा सेट, डबल बेड, सेंटर टेबल, गद्दे, कूलर, फ्रिज और टीवी—पूरी तरह जलकर राख हो गया.

जानकारी के अनुसार गोदाम मालिक राहुल पिता ओंकारलाल विश्वकर्मा निवासी भंडावद वाले के गोदाम में आग लगने के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है, लेकिन आग ने पुरे समान को चोपट कर दिया. वजह शुरुआती तौर पर इसे अज्ञात कारण माना जा रहा है. घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई.

मौके पर एसडीएम अंकिता जैन, एसडीओपी डी.एस. नागर, तहसीलदार कमलसिंह सौलंकी, थाना प्रभारी हुकम सिंह मीणा, सब इंस्पेक्टर संतोष सिंह, नगर परिषद, पुलिस विभाग, तहसील विभाग का अमला एवं जन समुदाय भारी संख्या में मौजूद रहे.

नगर परिषद की फायर ब्रिगेड पहले दोर में आग बुझाने में सहायक रही वहीं बाद में फायर ब्रिगेड का पम्प नहीं चला जो जन चर्चा का विषय बना. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और आग लगने के कारणों की विवेचना की जायेगी. इतना ही नहीं बिना सेफ्टी के दमकल कर्मचारी आग पर काबू पाने का प्रयास करते रहे. जबकि कैप, और सेफ्टी शूज उनके लिए होने चाहिए. वहीं जीरापुर की दमकल ठीक प्रकार से नहीं चली. काफी मशक्कत से उसे चालू किया गया.

# सूने रेस्टोरेंट से एक लाख की चोरी

## हाईवे पर स्थित मकान के ताले चटकाकर की चोरी



**नवभारत न्यूज**

**कुरावर 13 अप्रैल, सं. कुरावर और औद्योगिक क्षेत्र पीलूखेड़ी के बीच में हाईवे पर एक रेस्टोरेंट से अज्ञात बदमाशों के द्वारा ताले काटकर नगदी एवं सामान सहित करीब एक लाख रुपये चोरी करने की घटना प्रकाश में आई है.**

जानकारी के अनुसार हाईवे पर औद्योगिक क्षेत्र पीलूखेड़ी के समीप आनंद ट्रेडर्स के सामने स्थित राठौर रेस्टोरेंट के यहां मकान एवं दुकान में चोरी की घटना हुई है. घटना के समय परिवार के सदस्य एक धार्मिक आयोजन में शामिल होने गये हुए थे. बताया जाता है कि रात्रि करीब 11 बजे रेस्टोरेंट संचालक पप्पू राठौर घर पर आये थे तथा देखकर वापस चले गये. इसके बाद रात्रि करीब 1 बजे के आसपास चोरी की घटना हुई.

### कई ताले काटे

जानकारी के अनुसार मकान के सामने स्थित लगे सीसीटीवी कैमरे में बाईक सवार करीब तीन लोग नज आ रहे है किंतु दूरी होने से स्पष्ट नजर नहीं आ पा रहा है. अज्ञात बदमाश द्वारा मकान में एक के बाद एक पांच ताले आरी से काटना बताया जा रहा है. जाली का ताला काटकर फिर शटर के दो ताले आरी से काटे गये. मकान के भीतर पलंग पेटी का ताला काटकर उसमें से नगद राशि ले गये. रुपये से भरा हुआ बॉक्स जिसमें करीब 60 हजार रुपये थे ले गये. एक गुल्लक में 5 हजार रुपये थे उसे भी ले गये. एक राजश्री का बैग कीमत 25 से 30 हजार रुपये भी ले गये. घटना का पता सोमवार को सुबह परिजन के आने पर चला. पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच पड़ताल शुरु की.



# सेवा सदन कार्यालय पर मनाई स्व माथुर की जन्म जयंती

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 13 अप्रैल, सं.** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक के रूप में राष्ट्र सेवा देश की सच्ची सेवा में रत रहे प्रखर राष्ट्र भक्त व कार्यकर्ताओ के प्रेरणा स्त्रोत स्व. भगवत शरण जी माथुर अनेको जिले में प्रचारक रहे. उक्त बात पुर्व विभाग निरीक्षक हिम्मत सिंह जामलिया ने सारंगपुर विधायक व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल के सेवा सदन कार्यालय सारंगपुर मे स्व. भगवत शरण माथुर की जन्म जंयती के उपलक्ष्य मे कही. उन्होने आगे बताया कि स्व. श्री माथुर रीवा संभाग में भाजपा के संगठन मंत्री, भाजपा मध्य प्रदेश सह संगठन महामंत्री, प्रदेश महामंत्री (संगठन) भाजपा हरियाणा प्रांत एवं भाजपा अनुसुचित जाति जन जातिय सहकारिता प्रकोष्ठ के राष्टीय समन्वयक भी रहे. कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, मंडल महामंत्री कमल राठौर, मंडल उपाध्यक्ष राजेन्द्र सर्वावत, ने भी अपने विचार व्यक्त किए. इस दौरान संतोंष कुंभकार, सतीश गिरजे पार्षद सुनिल बागवान, भानु सिह लववंशी, दिनेश शर्मा, अंतरिक्ष पारिक, प्रदीप टेटवाल, कुलदीप टेटवाल, रघुराज सोलंकी, निखिल माहेश्वरी सहित भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति मे श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया. कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री कमल राठौर ने किया आभार मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद ने माना. उक्त जानकारी मोहन लववंशी मंडल मिडिया प्रभारी ने दी.

### अंबेडकर जयंती पर चल समारोह आज

**ब्यावरा 13 अप्रैल, का.** संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती की जिलेभर में धूमधाम से मनाई जाएगी. संविधान बचाव का संकल्प के साथ चल समारोह निकालेंगे. इस अवसर ब्यावरा में दो भव्य चल समारोह निकाले जाएंगे. जाटव समाज सेवा समिति के तत्वावधान में बाइक रैली निकाली जाएगी. कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 9 बजे जाटव धर्मशाला सुठालिया रोड से बाइक रैली के साथ होगी.

# श्रीमद वल्लभाचार्य जी का 549वां प्राकट्य महोत्सव मनाया



**नवभारत न्यूज**

**खिलचीपुर 13 अप्रैल, सं.** नगर में अंतराष्ट्रीय पुष्टियमर्गीय वैष्णव परिषद ने पुष्टि भक्ति मार्ग के प्रवर्तक महाप्रभु श्रीमद वल्लभाचार्य जी के 549 वें प्राकट्य महोत्सव के मौके पर नगर के प्रमुख मार्गो से संकीर्तन प्रभात फेरी निकाली. प्रभात फेरी की शुरुआत बड़ी हवेली कल्याण राय मंदिर पर महाप्रभु जी के चित्र पर पूजा अर्चना ओर पुष्टिमार्गीय ध्वज की पूजा के साथ हुई. सभी वैष्णव आरती में शामिल हुवे यह पर प्रसाद का वितरण किया गया. प्रभात फेरी में सुमुधार गीत गाते हुवे वैष्णव जन, महिलाए चल रही थी प्रभात फेरी का पुष्पवर्षा कर नागरिकों ने स्वागत किया. प्रभात फेरी का समापन बड़ी हवेली श्री कल्याणराय मंदिर पर दर्शन और आरती के साथ हुआ. महाप्रभु वल्लभाचार्य जी के चित्र पर सभी भक्तों ने पूजा अर्चना की इस मौके पर सभी को प्रसाद का वितरण किया गया. f इस मौके पर धीरेन्द्र पारीक, बिट्ठलदास पोखर, गिरीश गुप्ता, आयुष गुप्ता, गिरीश सेन, राधेश्याम गुप्ता, पूनम मिस्त्री, गिरिराज गुप्ता, भंवरलाल सिंगी, प्रकाश चौधरी, हरीश गांधी, जितेंद्र सेन, राजेंद्र करोड़िया, बल्लभ दास कोठारी, बालकिशन गुप्ता, गोपाल गुप्ता, सुनील विश्वकर्मा, आशु सिंगी, संजय चौधरी, रमेश गुप्ता, गिरीश मिस्त्री, सत्यम भगत, ओमप्रकाश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में वैष्णवजन, युवा महिलाए मौजूद थे.

### राजेन्द्र सिंह राठौड़ का देवलोकगमन

**नवभारत न्यूज, सुठालिया/ब्यावरा 13 अप्रैल, सं.** ग्राम बिसौनिया निवासी सेवानिवृत्त प्राचार्य राजेन्द्र सिंह राठौड़ का सोमवार को हृदय गति रुक जाने से देवलोकगमन हो गया. वह ओमेन्द्रपाल सिंह तथा नागेन्द्रपाल सिंह के पिताश्री थे. सहज, सरल एवं काफी मिलनसार व्यक्तित्व के धनि सेवाभावी श्री राठौड़ के निधन से बिसौनिया सहित आसपास क्षेत्र, मिलने-जुलने वालो में गहरा शोक व्याप्त हो गया. उनके पैतृक ग्राम बिसौनिया में अंतिम संस्कार किया गया. इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष डॉ भारत वर्मा, सुठालिया नपं उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह परमार, एडवोकेट सुरेन्द्र सिंह कुशवाह, अशोक अग्रवाल, मुरारी पालीवाल, रामदास सिंह कुंभराज, रघुराज सिंह, टीएस खींची सहित ब्यावरा, सुठालिया सहित आसपास क्षेत्र से जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, गणमान्य नागरिकों, समाज बंधुओं ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की.





# नेवज नदी घाट पर चला विशेष स्वच्छता अभियान

**राजगढ़ 13 अप्रैल, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में नगर परिषद पचोर द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत स्वच्छता और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं. इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 02 स्थित नेवज नदी घाट पर एक विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें नगर परिषद के सफाई मित्रों ने सक्रिय भागीदारी निभाई. अभियान के दौरान घाट परिसर एवं उसके आसपास फैले कचरे को व्यवस्थित रूप से एकत्रित कर उसका उचित निस्तारण किया गया. श्रमदान के माध्यम से घाट को स्वच्छ, सुंदर एवं आकर्षक बनाने का प्रयास किया गया. इस अवसर पर सफाई मित्रों एवं नगर परिषद के कर्मचारियों ने स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए अपील की कि वे घाट एवं जल स्त्रोतों में कचरा न डाले.

# नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा में व्याख्यान, संवाद गोष्ठी आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 13 अप्रैल, सं.** उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्ठा ने की. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती चारू शर्मा कांस्टेबल थाना, जगदीश यादव असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर, दिलीप कुमार राठौर आर्मी एयर डिफेंस, गंगानगर, राजस्थान उपस्थित रहे. जहां पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अग्रणी हैं और नारी शक्ति ही देश की वास्तविक शक्ति है. संचालन दिनेश दांगी ने किया संयोजक दिव्यांश शर्मा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 के बारे में जानकारी प्रदान की. इस अवसर पर पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार, डॉ. रश्मि सोनी, कनीज अंसारी, डॉ. कमल सिंह अहिरवार, पित्तरुस धुर्वे, भुवनेश गुप्ता, डॉ. रीना पाटीदार, डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता, कपिल वैष्णव, केतन गुप्ता, मुकेश सेन, ललित कुमार शर्मा, रोहित मालवीय, मनोहर परमार सहित समस्त छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे.

### आयोजन का प्रसारण हुआ

**छापीहेड़ा 13 अप्रैल, सं.** प्रधानमंत्री नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन माननीय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में दिल्ली में आयोजित किया गया. जिसका लाइव प्रसारण नगर परिषद कार्यालय छापीहेड़ा में किया गया. जिसमें टीवी के माध्यम से लाइव प्रसारण नागरिकों व महिलाओ को दिखाया गया जिसमें नगर परिषद कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित रहे.

**दल गठित** — अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने दल गठित, जिले में विवाह आयोजनों पर रहेगी नजर

# बाल विवाह मिला तो पंडित, बाराती, रसोइया भी होंगे जिम्मेदार

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 13 अप्रैल, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा 20 अप्रैल अक्षय तृतीया तथा आगामी विवाह मुहूतों को दृष्टिगत रखते हुए राजगढ़ जिले में होने वाले संभावित बाल विवाह को रोकने हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 13(4) एवं (5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रत्येक तहसील पर नियमानुसार उडनदस्तों के दलों का गठन किया गया हैं.**

साथ ही उड़नदस्तों के दलों द्वारा यदि उनके क्षेत्राधिकार में कोई बाल विवाह का प्रकरण पाया जाता है तो बाल विवाह करने वाले, बाल विवाह को प्रोत्साहित करने वाले जैसे बाल विवाह में सम्मिलित बाराती, विवाह स्थल /गार्डन मालिक, टेंट हाउस मालिक, खाना बनाने वाले रसोईया, केन्टरर, काजी, पण्डित तथा पत्रिका, छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस के मालिक के विरूद्ध भी बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 10 के तहत् वैधानिक कार्यवाही की जाये. अनुविभागीय दण्डाधिकारी अपने अनुविभाग में सामूहिक विवाह आयोजन की अनुमति इस शर्त पर जारी करेंगे कि उक्त आयोजन में वर की आयु 21 वर्ष तथा वधु की आयु 18 वर्ष से कम न हो तथा वर-वधु की सूची मय छाया चित्रों एवं आयु प्रमाण के सामूहिक विवाह आयोजित करने वाले संयोजक को अनुमति आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगी, अन्यथा सामूहिक विवाह आयोजित करने की अनुमति प्रदान नहीं की जाए.



विकासखंड राजगढ अंतर्गत मजिस्ट्रेट तहसीलदार राजगढ़, विकासखंड खिलचीपुर अंतर्गत मजिस्ट्रेट तहसीलदार खिलचीपुर, विकासखंड जीरापुर अंतर्गत मजिस्ट्रेट तहसीलदार जीरापुर, विकासखंड सारंगपुर अंतर्गत मजिस्ट्रेट तहसीलदार सारंगपुर, विकासखंड ब्यावरा अंतर्गत मजिस्ट्रेट तहसीलदार ब्यावरा तथा विकासखंड नरसिंहगढ़ अंतर्गत मजिस्ट्रेट तहसीलदार नरसिंहगढ़ के दल के सदस्य में तहसील अंतर्गत समस्त थाना प्रभारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, विकासखंड अंतर्गत समस्त सेक्टर सुपरवाईजर एकीकृत बाल विकास सेवा रहेंगे. उक्त दल अपने-अपने क्षेत्राधिकार अंतर्गत होने वाले सामूहिक विवाहों में वर-वधुओं की आयु के प्रमाण का अवलोकन करेंगे. किसी भी परिस्थिति में वर की आयु 21 वर्ष से कम तथा वधु की आयु 18 वर्ष से कम न हो. वर अथवा वधु की आयु कम पाये जाने पर बाल विवाह रोकने का प्रयास करेंगे अन्यथा वैधानिक कार्यवाही करेंगे. उक्त अवधि में किसी भी बाल विवाह की शिकायत पाये जाने पर उक्त दल संयुक्त रूप से विवाह स्थल पर जाकर वर-वधु की आयु अधिनियम में निर्धारित आयु से कम पाये जाने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम (पी.सी.एम.ए) 2006 जो कि 01 जनवरी 2007 से अधिसूचित है, के अनुसार वैधानिक कार्यवाही करेगा.

### बाल विवाह को रोकने उड़ानदस्तों का गठन

अक्षय तृतीया एवं आगामी विवाह मुहुर्तो को दृष्टिगत रखते हुए जिले में होने वाले संभावित बाल विवाह को रोकने के लिए विकासखंड स्तर पर उड़ानदस्तों का गठन कर समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को निर्देश दिए गए हैं. विकासखंड स्तर पर गठित दल ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में होने वाले सामूहिक विवाह के दौरान बाल विवाह न हो इसको लेकर निगरानी करेगा.

### नगर परिषद द्वारा नलों में टोटी लगाने हेतु प्रेरित किया

**जीरापुर 13 अप्रैल, सं.** नगर परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नलों में टोटी अभियान चलाया गया. नगर परिषद ने जल उपभोक्ताओं से आव्हान कर नलों में टोटी लगाने हेतु प्रेरित किया गया. जिसमें पानी भरने के बाद अपने नल की टोटी बंद करें. गर्मी ऋतु को ध्यान में रखते हुए पानी बचाओ पानी व्यर्थ ना बहाओं अभियान की शुरुआत की गई. नगर के माचलपुर रोड से अभियान प्रारंभ किया जिसमें हर कनेक्शन पर टोंटी लगाने की सलाह देने का काम वॉल मेंन करेंगे. जहां हर अपने-अपने मोहल्ले वार्ड में टोंटी लगाने की शुरुआत की गई. अभियान में प्रमुख रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय, जल शाखा कर्मचारी सहित नगर परिषद के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे.

In The Court Of Sushri Shreya Sharma, Senior Division, Biaora, DistrictRajgarh M.P.
Presiding Officer
सुश्री श्रेया शर्मा
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372
भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
MJC SUC/0000003/2026)
**सुनील लोधी ............ आवेदक** VS
**सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया... अनावेदक**
Process Id-/2026
पेशी दिनांक- 13/05/2026
**प्रेषिती -**
**1- सर्वसाधारण**
**2- आम जनता**

यह कि जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील लोधी पता ने मृतक भागमल पिता भंवरलाल लाति लोधी निवासी निवारा तहसील सुठालिया जिला राजगढ़ की ब्यावरा में एक खाता क्रमांक 3517412407 संचालित है जिसमें 12,411/-रू. जमा है. इसके अतिरिक्त शाखा ब्यावरा में खाता क्रमांक 3517714203 में जमा मुआवजा राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है. जिसकी सुनवाई दिनांक 13 मई 2026 को नियत है.यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 13 मई 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे. सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा. यह आज दिनांक 10 अप्रैल 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है.

**श्रेया शर्मा**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**ब्यावरा जिला राजगढ़ म. प्र.**

**नोट** - 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा.